तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 17 सितंबर 2026

14 आज शहरभर में प्रज्ज्वलित होंगे 2100 दीये ...



16 अतिरिक्त आय के लिए ग्रीष्मकालीन धान के ...



खबर संक्षेप

पीएम मोदी के जन्मदिन पर सिमगा में जलेगा एक दीया आशीर्वाद का

सिमगा। किसान नेता अनिल पांडे ने बताया 25 वर्षों से लगातार बिना छुट्टी लिए निरंतर कार्य करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में या प्रधानमंत्री के रूप में हो राज्य व देश हित में कई कार्य किए हैं। बिना स्वार्थ के दिन रात देश हित में कार्य करने वाले प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर को एक दीया आशीर्वाद का प्रज्ज्वलित कर उनका आभार प्रकट करने का अनुरोध समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम जनमानस से किया है। वहीं मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, मंडल महामंत्री छोटू यादव, राहुल योगेश साहू, धीरज जैन, अभिजीत अवस्थी, सचिन जैन, युवा मोर्चा के अध्यक्ष प्रशांत देवांगन, महिला मोर्चा के अध्यक्ष रुक्मणी साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष हेमलाल कुर्रे, किसान मोर्चा के अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष ने गुरुवार 17 सितंबर को शाम 6 बजे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सरोपी तालाब के पास एक दिया आशीर्वाद का प्रज्ज्वलित करने में अपनी सहभागिता निभाने अपील किया है।

उत्पात : सोनाखान परिक्षेत्र में हाथियों की दस्तक से वन विभाग अलर्ट

28 हाथियों के दल का तांडव: खेतों में घुसकर धान की फसल को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

कसडोल क्षेत्र अंतर्गत सोनाखान वन परिक्षेत्र में 28 हाथियों के दल की लगातार मूवमेंट से वन विभाग अलर्ट मोड पर है। हाथियों का झुंड कसडोल से करीब 6 किलोमीटर दूर बिलारी और बम्हनीडीह गांव के आसपास विचरण करता देखा गया है। हाथियों की मौजूदगी से आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। वन विभाग और हाथी मित्र दल लगातार हाथियों की लोकेशन ट्रैक कर रहे हैं।

- ग्रामीणों और पर्यटकों के लिए एडवाइजरी जारी

जानकारी के मुताबिक हाथियों का दल ग्राम बिलारी से सिद्ध बाबा झरना होते हुए आमाझरिया झरना क्षेत्र की ओर बढ़ा है। दल में कुल 28 हाथी शामिल हैं, जिनमें 14 मादा, 11 बच्चे और 3 नर हाथी बताए जा रहे हैं। हाथियों की गतिविधियां कैमरे में भी कैद हुई हैं। इसके बाद वन विभाग ने संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी और बढ़ा दी है। हाथियों के खेतों में पहुंचने से किसानों की धान की फसल को नुकसान पहुंचने की जानकारी भी सामने आई है। वन विभाग की टीम हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है, ताकि फसल नुकसान के साथ-साथ मानव-हाथी संघर्ष की स्थिति को रोका जा सके।



सिद्ध बाबा झरना जाने से पर्यटकों को रोका

पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने लोगों को सिद्ध बाबा झरना क्षेत्र की ओर जाने से बचने की अपील की है। हाथियों का दल इसी क्षेत्र की ओर बढ़ा है, ऐसे में किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए पर्यटकों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। फिलहाल वन विभाग की टीम और हाथी मित्र दल लगातार 28 हाथियों के झुंड की गतिविधियों को ट्रैक कर रहे हैं। विभाग का प्रयास है कि हाथियों को सुरक्षित रास्ता मिले और ग्रामीणों तथा हाथियों के बीच टकराव की स्थिति पैदा न हो।

बड़ा झुंड होने से बढ़ी चुनौती

एक साथ करीब 28 हाथियों की मौजूदगी ने वन अमले की चुनौती बढ़ा दी है। हाथियों का दल किस दिशा में आगे बढ़ता है, इस पर वन विभाग लगातार नजर रख रहा है। ग्रामीणों को भी हाथियों की गतिविधि की जानकारी तत्काल वन विभाग को देने के लिए कहा गया है। फिलहाल वन विभाग की निगरानी के बीच ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। हाथियों के आबादी और कृषि क्षेत्र की ओर बढ़ने की स्थिति में लोगों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने तथा वन विभाग के निर्देशों का पालन करने कहा गया है।

ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की अपील

जनहानि की आशंका को देखते हुए वन विभाग ने आसपास के ग्रामीणों को सतर्क रहने और हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है। विभाग ने लोगों से हाथियों का पीछा नहीं करने और उनके करीब जाकर फोटो या वीडियो बनाने से बचने को कहा है। हाथियों की गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील भी की गई है। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए कसडोल-पिथौरा मार्ग और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में वन विभाग की विशेष निगरानी रखी जा रही है। हाथी मित्र दल के सदस्य भी लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं और हाथियों की लोकेशन पर नजर बनाए हुए हैं। वन विभाग द्वारा कक्ष क्रमांक 242, 217, 252, 253, 286, 285, 219, 220, 221, 173, 116, 225, 169 की ओर जाने की संभावना जताई है जिसमे ग्राम कोठारी, तालदादर, नवागांव, अचानकपुर, चन्हाट, तेंदुवुवा, धमलपुरा, कोसमसरा, हरदी, रामपुर, जोगीडीपा, कंजिया, बिटकुली, मिर्गिदा, पठियापाली, गुडागढ़, फुरफुंदी, झालपानी, खुडमुडी, पकरीद, बार, भिमोरी, नवाडीह, सुरबाय, अल्दा सैहाभाटा, दोंद, पाडादाहा, मुड़ापार के आस पास के ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा गया है।

2 किलो से अधिक गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार



भटगांव। प्रभारी भटगांव के नेतृत्व में, भटगांव पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्यावाही की गई थाना भटगांव पुलिस टीम द्वारा मेन रोड, में थाना के सामने मोटर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से मादक पदार्थ लेकर भटगांव की तरफ आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका।

पूछताछ में चालक ने अपना नाम अशोक श्रीवास पिता स्वर्गीय खोलबहरा श्रीवास उम्र 34 वर्ष निवासी आमाखोहा, थाना कसडोल, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा बताया । पुलिस द्वारा विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से भूरे रंग के प्लास्टिक टेप से लिपटे 02 पैकेट बरामद हुए। जांच करने पर उनमें मादक पदार्थ गांजा पाया गया, जिसका कुल वजन 2.055 किलो ग्राम कीमत 01 लाख रु को एवं गांजा परिवहन में प्रयुक्त हीरो होंडा सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 सीएफ 3998, कीमत 20,000, को भी जब्त किया गया जिसकी जुमला कीमती कुल 01 लाख 20 हजार रुपए को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। प्रकरण में आरोपी अशोक श्रीवास के विरुद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जिसे माननीय न्यायालय द्वारा जुडिशल रिमांड पर भेजा गया।

उपभोक्ता आयोग ने दिलाई मृतक के परिजन को बीमा क्षतिपूर्ति की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बीमा कंपनी द्वारा दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत मृतक पिता की बीमा क्षतिपूर्ति की राशि प्रदाय नहीं किये आने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा बीमा कंपनी की सेवा में कमी का दोषी मानते हुए दुर्घटना बीमा योजना के तहत बीमा क्षतिपूर्ति राशि 800000 एवं मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए राशि 25000 तथा वाद-व्यय के लिए 7000 रूपये परिवादी उपभोक्ता को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम दर्रा निवासी योगेश कुमार साहू के पिता स्व. लीला राम साहू ने विरोधी पक्षकार एसबीआई जनरल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पुणे से एक हेल्थ पालिसी लिया था। बीमा धारक की मृत्यु होने पर बीमा क्षतिपूर्ति राशि का दावा परिवादी द्वारा विरोधी पक्षकार, बीमा कंपनी के कार्यालय में बीमा दावा प्रस्तुत किया गया। बीमा कंपनी द्वारा बीमा दावा निरस्त कर दिया गया जिससे परिवेदित होकर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया।

उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि बीमा कंपनी द्वारा बीमा दावा निरस्त करने का मूल आधार मृतक बीमित व्यक्ति के वैध एवं प्रभावी ड्राइविंग लाइसेंस व आवश्यक दस्तावेज पेश नहीं करना है। विरोधी पक्षकार का उक्त तर्क मान्य नहीं किया गया औऱ केवल वैध ड्राइविंग लाइसेंस के अभाव को आधार बनाकर दावा अस्वीकार करना सेवा में कमी माना जा सकता है। दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत मृतक पिता की बीमा क्षतिपूर्ति की राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा विरोधी पक्षकार एसबीआई जनरल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पुणे को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बीमा योजना के तहत बीमा क्षतिपूर्ति राशि 800000 एवं उपभोक्ता को मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए राशि 25000 तथा वाद-व्यय के लिए 7000 रूपये को आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

एंबुलेंस नहीं चली तो मरीज के परिजनों ने 1 किलोमीटर तक लगाया धक्का!

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

कसडोल विकासखंड के बारनवापारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर तस्वीर सामने आई है। यहां भर्ती मरीज को रेफर करने के लिए तैयार की गई एंबुलेंस स्टार्ट ही नहीं हुई। मजबूरी में मरीज के परिजनों को एंबुलेंस को करीब एक किलोमीटर तक धक्का लगाना पड़ा। इसके बाद दूसरी निजी गाड़ी की बैटरी की मदद से एंबुलेंस को चालू किए जाने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार बारनवापारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती एक मरीज को बेहतर उपचार के लिए रेफर किया जाना था। इसके लिए एंबुलेंस तैयार की गई, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी वह स्टार्ट नहीं हुई। मरीज को अस्पताल पहुंचाने की जल्दबाजी के बीच परिजनों ने एंबुलेंस को धक्का देकर करीब एक किलोमीटर तक आगे बढ़ाया। बाद में दूसरी निजी गाड़ी की बैटरी निकालकर एंबुलेंस को चालू किया गया।



पहले से खराब थी तो वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं?

इस घटना के बाद पीएचसी की एंबुलेंस व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। आपात स्थिति में मरीजों को समय पर बड़े अस्पताल तक पहुंचाने में एंबुलेंस की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में यदि एंबुलेंस पहले से खराब थी तो मरीज को रेफर करने से पहले वैकल्पिक वाहन की व्यवस्था क्यों नहीं की गई, यह बड़ा सवाल है।

प्रभारी अधिकारी बोले- खराब होने की जानकारी थी

बारनवापारा के प्रभारी अधिकारी राकेश प्रधान ने बताया कि एंबुलेंस खराब होने की जानकारी पहले से थी। इसे मरम्मत के लिए कसडोल भेजने की तैयारी की जा रही थी। अब सवाल यह है कि जब जिम्मेदार अधिकारियों को एंबुलेंस की खराब स्थिति की जानकारी पहले से थी, तो मरीज को रेफर करने के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई? घटना ने ग्रामीण क्षेत्र की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ में रक्तदान शिविर आज

बिलाईगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में जन-स्वास्थ्य एवं सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव के मार्गदर्शन में यह विशेष अभियान जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित किया जाएगा। इस कड़ी में मुख्य आयोजन 17 सितंबर 2026 को जिला चिकित्सालय सारंगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ और बरमकेल में प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित होगा, जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव ने बताया कि 'रक्तदान करें जीवन बचाएं' और 'सुरक्षित रक्त, सुरक्षित जीवन' के संदेश के साथ आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों और गंभीर मरीजों के लिए समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।



1.25 लाख दीयों से जगमग होगा चौपाटी

सेवा संकल्प अभियान का शुभारम्भ आज, घर- घर जलेंगे आशीर्वाद के दीये

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के निर्बाध जनसेवा और समर्पण काल के पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक जिले मे सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। 'सेवा संकल्प अभियान' का भव्य शुभारंभ 17 सितम्बर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से होगी।बलौदाबाजार स्थित चौपाटी पर जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहाँ संध्या 7: बजे से सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन होगा।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा,एसपी गौरव राय एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने बुधवार को चौपाटी मे आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को दीप प्रज्ज्वलन हेतु समय पर सभी आवश्यक तैयारी, पार्किंग, फायर ब्रिगेड,एम्बुलेंस आदि की तैनाती सीनिश्चि करने के निर्देश दिए। चौपाटी में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम मे दीप प्रज्ज्वलन हेतु जलाशय के फुटपाथ मे 20 सेक्टर बनाए गए है जिसे अलग -अलग विभागों को दीप प्रज्ज्वलित करने के लिए आवंटित किया गया है।



चौपाटी में अपरान्ह 4 बजे से आर्केस्ट्रा टीम द्वारा संगीतमय भजन की प्रस्तुति होगी। मुख्य अतिथि के आगमन पश्चात संध्या 7 बजे एक साथ सवा लाख दीप प्रज्वलित किये जायेंगे एवं विकसित भारत 2047 का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा।एक साथ लगभग सवा लाख दीपो की रोशनी से चौपाटी का खूबसूरत नजारा देखने को मिलेगा।यह आयोजन न केवल बीते 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का माध्यम है, बल्कि वर्ष 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आम जनता को एकजुट करने का एक सशक्त प्रयास भी है।

जिले में लगभग 11 लाख दीप प्रज्ज्वलन का लक्ष्य

प्राप्त जानकारी के अनुसार आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा संपूर्ण जिले में लगभग 11 लाख दीये प्रज्ज्वलित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।इसमें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी अपने-अपने घरों में 'आशीर्वाद का दीया' जलाकर इस महाभियान का हिस्सा बनेंगे। इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायतों,शासकीय भवनों, कार्यालयों मे भी सामूहिक रूप से दीये जलाये जायेंगे। सेवा और समर्पण की प्रेरक कहानियां पहुंचेंगी जन-जन तक- सेवा संकल्प अभियान के दौरान नमो सेवा-अनकही कहानियां पहल के अंतर्गत स्कूल एवं कॉलेजों मे नुक्कड़ नाटक प्रस्तुतियों के माध्यम से सेवा और समर्पण की प्रेरक कहानियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। मेरे सपनों का भारत-चित्र सेवा के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी चित्र एवं आलेख प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों और युवाओं को विकसित भारत के सपने, रचनात्मक अभिव्यक्ति और राष्ट्र निर्माण की भावना से जोड़ा जाएगा।

आज शहरभर में प्रज्ज्वलित होंगे 2100 दीये

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

तिल्दा-नेवरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से शुरू हो रहे सेवा संकल्प अभियान का आगाज दीपावली की तरह कियाजाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से शहर के विभिन्न मंदिरों, गुरुद्वारों और गणेश पंडालों में दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। शाम 7 बजे दीप जलाने के साथ कई स्थानों पर आतिशबाजी और आरती का आयोजन भी किया जाएगा। भाजपा जिला मंत्री एवं कार्यक्रम के जिला सह प्रभारी विकास कोटवानी ने बताया कि सिंधी कैंप के तीनों गुरुद्वारों सहित स्टेशन चौक स्थित दुर्गा माता मंदिर, बनियापारा गणेश उत्सव समिति, राधा-कृष्ण मंदिर के पास स्थित गणेश समिति और सिंधी कैंप स्थित गणेश समिति में करीब 2100 दीप जलाए जाएंगे। इसके अलावा भाजपा कार्यकर्ता सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के घर पहुंचकर भी 'आशीर्वाद का दीया' जलाएंगे।

आज, जिलेभर में जलेंगे दीप



बलौदाबाजार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन एवं उनके सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों की जनसेवा यात्रा के सम्मान में भाजपा की ओर से 17 सितंबर को जिलेभर में 'आशीर्वाद का दीया' अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत घरों के साथ-साथ तालाबों, सरोवरों और विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने बताया कि अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की जाएंगी। गांव से लेकर शहर तक अधिक से अधिक घरों में दीप प्रज्वलित करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि जिले में सामूहिक रूप से रोशनी का संदेश दिया जा सके।



:: आम सूचना ::

ग्राम गैंतरा प.ह.नं. 34, रा.नि.मं. मोहरेंगा तह. खरोरा जिला रायपुर के पैतृक संपत्ति ख.नं. 234/4 रकबा 0.0240 हे., भूमि के संबंध में।

मेरे पक्षकार श्रीमती रेणु उर्फ रानी सेन पिता श्री लक्ष्मण प्रसाद सेन नि. कुरूद सिलियारी तथा श्रीमती सरोज सेन पति स्व. कमल सेन नि. 15 तिल्दा जि. रायपुर छ.ग. की ओर से निम्नानुसार आम सूचना जारी किया जाता है।

मेरे पक्षकार श्रीमती रेणु उर्फ रानी सेन पिता श्री लक्ष्मण प्रसाद सेन नि. कुरूद सिलियारी तथा श्रीमती सरोज सेन पति स्व. कमल सेन एवं अन्य के ससुर/पिता घर के मुखिया श्री लक्ष्मण सेन उर्फ लछमन सेन पिता स्व. गुमान सेन जाति नाई नि. वार्ड क्र. 16 तिल्दा नेवरा एवं अन्य के नाम पर ग्राम गैंतरा प.ह.नं. 34, रा.नि.मं. मोहरेंगा तह. खरोरा जिला रायपुर के पैतृक संपत्ति ख.नं. 234/4 रकबा 0.0240 हे., भूमि स्थित है जो कि, मेरे पक्षकारागण एवं अन्य की संयुक्त परिवार की विवादित संपत्ति है तथा पैतृक भूमि है। जिसे श्री लक्ष्मण सेन उर्फ लछमन सेन एवं अन्य खाता धारियों के द्वारा उक्त संयुक्त परिवार के संपत्ति का वसीयत, विक्रय व अंतरण करने का प्रयास किया जा रहा है।

अतः आम जनता, संस्था शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था कंपनी, निकाय को सूचित किया जाता है कि, उक्त भूमि को क्रय विक्रय वसीयत, अंतरण करने हेतु किसी भी प्रकार सौदा न करे या राशि का भुगतान न करे अन्यथा उक्त विवादित संपत्ति के संबंध में कोई व्यवहार या लेन देन करता है तो उसके लिए सौदा करने व राशि भुगतान करने वाले जिम्मेदार होगें। अतः सभी को सूचित किया जाता है उपरोक्त संपत्ति विवादित है क्रय विक्रय वसीयत, अंतकरण का कोई सौदा न करें तथा राशि का भुगतान न करें।

दिनांक-17/06/2026

भवदीय
शिव कुमार तिवारी अधिवक्ता
पता-वार्ड क्र.-19, पुरानी बस्ती तिल्दा, पो.-नेवरा, जि.-रायपुर, मो.नं.-93008-44033












समर्पन, सादगी अउ
जनसेवा के भावना ले भरपूर,
अपन सरल अउ सहज व्यवहार
ले जन-जन के भरोसा
जीते वाले
दुलरवा
अश्वनी भैया जी
ला जन्मदिन के
गाड़ा-गाड़ा बधाई अउ
ढेरों शुभकामना
17
सितंबर
विनित :- भाजपा सिमगा मंडल

सीजीपीएससी परीक्षा में अनियमितता का आरोपः कांग्रेस कमेटी ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने आवाज उठाई है। बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा धृतलहरे की अध्यक्षता में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र शर्मा तथा मीडिया संचार विभाग के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितीन त्रिवेदी ने परीक्षा प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने आरोप लगाया कि सीजीपीएससी परीक्षा में समान उत्तर लिखने वाले अभ्यर्थियों को अलग-अलग अंक दिए जाने की बात सामने आई है।

समान उत्तर का अलग-अलग अंक और साक्षात्कार अनुपात में नियमों की अनदेखी का आरोप



अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की मांग

पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में हुई पीएससी संबंधी अनियमितताओं को लेकर पूछे गए सवाल पर सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि यदि पूर्व मामलों में जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हुई है तो वर्तमान में सामने आए आरोपों की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने सरकार से जांच के माध्यम से वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़े इस विषय पर कांग्रेस लगातार आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और प्रभावित अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की मांग की। प्रेसवार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, जिला कांग्रेस महामंत्री लखेश साहू, राम कुमार साहू, जितेंद्र नवरत्न, ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, मोतीलाल वर्मा, नरेंद्र वर्मा, जय सिंह ठाकुर सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

इससे मूल्यांकन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने साक्षात्कार के लिए निर्धारित 1:3 अनुपात का पालन नहीं किए जाने का भी आरोप लगाया। उनके अनुसार 265 पदों के लिए नियमानुसार 795 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाना चाहिए था, जबकि 608 अभ्यर्थियों को ही बुलाया गया। कांग्रेस का दावा है कि इससे 187 अभ्यर्थी साक्षात्कार के अवसर से वंचित रह गए। शैलेश नितीन त्रिवेदी ने मूल्यांकनकर्ताओं के नाम और मोबाइल नंबर सार्वजनिक होने के कथित मामले को परीक्षा की गोपनीयता से जोड़ते हुए जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लाखों युवा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। ऐसे में परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता से अभ्यर्थियों के भविष्य और व्यवस्था के प्रति विश्वास पर असर पड़ सकता है।

खबर संक्षेप



कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

बलौदाबाजार। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने बुधवार को राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने ईव्हीएम क़क्ष की साफ- सफाई एवं एंटीटर्माईट उपचार हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों ने उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने के उपरांत वेयर हॉउस के 5 कक्षों में रखे गए ईव्हीएम का बारी-बारी से निरीक्षण किया। इस दौरान साफ - सफाई एवं सीपेज की समस्या दूर करने के निर्देश अधिकारियो को दिये गए। इसके पश्चात सीसीटीवी मॉनिटरिंग रूम में सीसीटीवी कैमरो के फीड एवं टाइमिंग का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राय, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी, इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से लखेश साहू, भारतीय जनता पार्टी से नरेश केसरवानी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ पार्टी से सुशील बंजारे मौजूद थे।

प्रतिमा फेकर का राज्य स्तरीय भाला फेंक स्पर्धा के लिए चयन

रिसदा। जिला बलौदाबाजार के अंतर्गत ग्राम रिसदा की होनहार छात्रा प्रतिमा फेकर ने खेल जगत में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रतिमा का चयन राज्य स्तरीय भाला फेंक



(जैवलीन थ्रो) प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 17 सितंबर से 20 सितंबर 2026 तक जगदलपुर में आयोजित होने जा रही है, जिसमें प्रतिमा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। छात्रा की इस स्वर्णिम सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। प्रतिमा ने अपनी इस अनूठी उपलब्धि से अपनी माता भुवनेश्वरी फेकर, पिता कन्हैया फेकर, चाचा शालिकराम फेकर सहित पूरे विद्यालय व क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

निधन

गणेशिया बाई साहू

खरोरा। ग्राम देवर तिल्दा निवासी



गणेशिया बाई साहू (65 वर्ष) का निधन 15 सितंबर हो गया।उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे बनऊ राम साहू की पत्नि थी।

खेती किसानी : फसल विविधीकरण और कीट प्रबंधन पर दी गई जानकारी

अतिरिक्त आय के लिए ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन-तिलहन फसलों को अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा में किसानों को दी गई फसल विविधीकरण, कीट प्रबंधन एवं दलहन-तिलहन उत्पादन की जानकारी भगवान श्री बलराम जी की जयंती के अवसर पर किसान दिवस का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर एवं कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा में किया गया। कार्यक्रम में जिले के बड़ी संख्या में किसान, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम ईशान वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य के मुख्य आतिथ्य, डॉ. अंगद सिंह राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा की अध्यक्षता तथा दीपक नायक, उप संचालक कृषि, बलौदाबाजार के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान श्री बलराम जी की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।



दलहन एवं तिलहन उत्पादन तकनीक की जानकारी

कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक स्वाति मिर्झा ने किसानों को दलहन एवं तिलहन फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकों के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. सूरजचंद पंकज ने ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर अपनाए जा सकने वाले विभिन्न फसल विकल्पों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को दलहन, तिलहन एवं अन्य कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों को अपनाने के संभावित लाभों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रदीप कश्यप द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि ईशान वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान श्री बलराम जी की जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाकर देश के किसानों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की जा रही है। उन्होंने कहा कि अनेक विदेशी आक्रांताओं के आक्रमण एवं विभिन्न ऐतिहासिक परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद भारत आज अपने किसानों की मेहनत और कृषि वैज्ञानिकों की तकनीकी प्रगति के बल पर खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बना है। मुख्य अतिथि ने युवा पीढ़ी के कृषि से बढ़ते जुड़ाव की आवश्यकता पर बल दिया।

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रक्षेत्र का किसानों ने किया अवलोकन

*कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने कृषि विज्ञान केंद्र के प्रक्षेत्र में संचालित विभिन्न फसल प्रदर्शनों एवं तकनीकी गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने धान, उड़द, सोयाबीन, हल्दी, अदरक एवं जिमीकंद सहित विभिन्न फसलों में अपनाई जा रही उत्पादन तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। विशिष्ट अतिथि दीपक नायक, उप संचालक कृषि, बलौदाबाजार ने किसानों को फसल विविधीकरण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इससे भू-जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा कृषि प्रणाली की स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को वैकल्पिक आय के अवसर भी प्राप्त होंगे। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश उपाध्याय ने धान की फसल में वर्तमान में देखी जा रही रेड वर्म, सफेद माहू तथा शीथ गलन जैसी समस्याओं की पहचान एवं उनके प्रबंधन के संबंध में किसानों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के कीट वैज्ञानिक डॉ. सागर आनंद पांडे ने धान की फसल में लगने वाले प्रमुख कीटों, उनकी पहचान, जीवन-चक्र, प्रकोप की परिस्थितियों तथा समेकित कीट प्रबंधन (**IPM**) की विभिन्न तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।*

मुड़पार में तीज उत्सव पर रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता व प्रतिभा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम मुड़पार में तीज उत्सव एवं गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर रामायण चौक में ग्रामीण अंचल स्तरीय रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन युवा संगठन, रामायण चौक मुड़पार एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. दौलतपाल, जनपद अध्यक्ष थीं। विशेष अतिथि नवापारा सरपंच डोमार मारकंडे तथा अतिथि के रूप में लोकनाथ वर्मा, उपसरपंच नवापारा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा श्रीफल अर्पित कर, अगरबत्ती जलाकर छत्तीसगढ़ महतारी एवं इष्ट देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कुमारी शिवानी साहू, पिता दुखहरण साहू तथा कक्षा 12वीं की नविता ध्रुव, पिता किशुन ध्रुव को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

रिकॉर्डिंग डांस में कलाकारों ने बांधा समां

प्रतियोगिता में आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से जुड़े लोक कलाकारों सहित विभिन्न प्रतिभागियों ने भव्य नृत्य और पारंपरिक लोकगीतों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उत्साहवर्धन किया। नन्हे-मुन्ने बाल कलाकारों को भी दर्शकों एवं आयोजकों से खूब प्रोत्साहन मिला। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार भूमि यादव, द्वितीय राधिका साहू ग्रुप, तृतीय अदिति ध्रुव व साथी, चतुर्थ भावना साहू व साथी तथा पंचम पुरस्कार प्रज्ञा साहू ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो के साथ प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों ने सभी लोक कलाकारों तथा तीजा उत्सव में शामिल होने पहुंचीं बहनों-दीदियों को तीजा एवं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन दाऊ लाल साहू ने किया। आयोजन को सफल बनाने में भारत, यश कुमार, गुलशन साहू, चोवा राम वर्मा, पोषण साहू, गौकरण यादव, मनोहर ध्रुव, अशोक कुमार साहू, चंद्रधर शेखर साहू सहित युवा संगठन रामायण चौक मुड़पार एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

जिले के डीके महाविद्यालय में अंकसूचियों का वितरण शुरू

बलौदाबाजार। शासकीय दाऊ कल्याण सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय परीक्षा केंद्र में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। महाविद्यालय प्रशासन को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से विभिन्न पाठ्यक्रमों की अंकसूचियां (मार्कशीट) प्राप्त हो चुकी हैं। प्राचार्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बीए, बी.कॉम, बी.एससी (प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर, द्वितीय व तृतीय वर्ष), एम.एससी (बॉटनी, जूलॉजी, रसायन शास्त्र, गणित, आई.टी.), एम.कॉम (प्रथम व तृतीय वर्ष) तथा पीजीडीसीए एवं डीसीए प्रथम वर्ष की परीक्षाओं में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों की अंकसूचियां आ गई हैं।

विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस पर विद्यार्थियों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस के अवसर पर अल्ट्राटेक सीएसआर हिरमी द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल हिरमी के विद्यार्थियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ओजोन परत के महत्व, इसके संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष खरे सहायक सीएसआर ने किया, संयंत्र के पर्यावरण विभाग से प्रेम पाण्डेय ने बताया कि ओजोन परत सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों से पृथ्वी और जीव-जगत की रक्षा करती है। विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक लोगों को ओजोन परत एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं अल्ट्राटेक सीएसआर मनोज वर्मा, उमाशंकर धीवर व पर्यावरण विभाग से अशोक ठाकुर उपस्थित रहे।

पीएम श्री विद्यालय खरोरा में विश्व ओजोन दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरोरा में विश्व ओजोन दिवस उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ओजोन परत के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा जलवायु परिवर्तन के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत ओजोन परत संरक्षण विषयक जागरूकता पोस्टर प्रदर्शनी से हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने आकर्षक चित्रों एवं प्रभावशाली संदेशों के माध्यम से पृथ्वी को हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाने में ओजोन परत की महत्ता को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने भाषण एवं विचार अभिव्यक्ति के माध्यम से "ओजोन बचाओ–पृथ्वी बचाओ" का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज ने अपने उद्बोधन में कहा कि ओजोन परत पृथ्वी का प्राकृतिक सुरक्षा कवच है, जिसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का



नैतिक दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने, प्रदूषण कम करने तथा प्रकृति संरक्षण के लिए जन-जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। व्याख्याता शाहिना परवीन ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है, जिससे मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के महत्व और ओजोन संरक्षण के वैश्विक प्रयासों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके।

सेवा संकल्प अभियान से संकुल पचरी के विद्यालयों में गूंजेगा सेवा व संकल्प का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

छत्तीसगढ़ में आयोजित किए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संकुल केंद्र पचरी के समस्त विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शिक्षक, विद्यार्थी, पालक, शाला प्रबंधन समिति एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रहेगी। अभियान के तहत 17 सितंबर को शाम 7 बजे सभी विद्यालयों में जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं समुदाय के अन्य गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित किया जाएगा। वहीं 18 सितंबर को ड्राइंग एवं चित्रकला, रचनात्मक लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। ये प्रतियोगिताएं कक्षा 1 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग स्तर पर आयोजित होंगी। प्रतियोगिताओं की मुख्य थीम "विगत 25 वर्षों में भारत और आने वाले 25 वर्षों में भारत की संकल्पना" रहेगी, जिसके माध्यम से विद्यार्थी देश की उपलब्धियों, वर्तमान विकास यात्रा तथा भविष्य के भारत की अपनी कल्पना को रचनात्मक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेंगे। इसके पश्चात 19 सितंबर को पालक-शिक्षक सम्मेलन, विद्यार्थियों द्वारा तैयार प्रदर्शनी एवं न्योता भोज का आयोजन किया जाएगा, जिससे



विद्यालय, परिवार एवं समुदाय के बीच सहभागिता और संवाद को मजबूत किया जा सके। संकुल प्राचार्य अशोक कुमार कोशले ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान विद्यार्थियों को देश की विकास यात्रा से जोड़ने और उनमें सामाजिक जिम्मेदारी एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने का सार्थक अवसर है। संकुल समन्वयक कांत कुमार ने सभी विद्यालयों में निर्धारित गतिविधियों को उत्साहपूर्वक संचालित करते हुए अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के साथ-साथ उन्हें भारत के अतीत, वर्तमान और भविष्य से जोड़ना इस अभियान की विशेष उपलब्धि होगी।

कोसमंदा में गणेश उत्सव की धूम

पलारी। समीपस्त ग्राम कोसमंदा में गणेश उत्सव की धूम मची हुई है गांव में जगह-जगह चौक चौराहा पर विघ्नहर्ता विराजमान है इसके साथ ही ग्रामीण विधिवत कर पुण्य प्राप्त कर रहे हैं तथा भक्ति में डूब गए हैं,वही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं लोगों में भारी उत्साह है गांव ने भक्तिमय माहौल का वातावरण निर्मित है।





30 दीदियों को टूलकिट, किया गया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बलौदाबाजार द्वारा आयोजित 15 दिवसीय पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय बैच का बुधवार को सम्पन्न हुआ।

- जिले में 15 दिवसीय पशु सखी प्रशिक्षण का समापन

प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 सितंबर 2026 से शुरू हुआ था जिसमें कुल 30 पशु सखी दीदियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पशुपालन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण में उन्नत पशुपालन, पशुओं की उचित देखभाल, पशु स्वास्थ्य, पोषण, रोगों की पहचान एवं बचाव तथा ग्रामीण स्तर पर पशुधन विकास से संबंधित आवश्यक जानकारियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी एवं व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से प्रतिभागियों को कृषि विज्ञान केंद्र, पशु चिकित्सालय एवं डेयरी फार्म का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया। भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने आधुनिक एवं उन्नत पशुपालन पद्धतियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा तथा पशुओं के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं देखभाल की बारीकियों को समझा।



आजीविका के नए अवसर करेंगे विकसित

प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिभागियों का असेसमेंट कार्यक्रम छत्तीसगढ़ आरसेटी असेसमेंट कंट्रोलर अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इसमें ईडीपी असेसर सुरजीत कुमार गुहा एवं डोमेन असेसर डॉ. दिलीप कुमार सिंह देव द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया। असेसमेंट में सभी 30 पशु सखी दीदियों ने सफलतापूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी 30 प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर बनने एवं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए संस्थान की ओर से टूलकिट भी प्रदान की गई। टूलकिट के माध्यम से प्रशिक्षित पशु सखी दीदियां ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को आवश्यक सेवाएं एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के साथ-साथ अपनी आजीविका के नए अवसर विकसित कर सके। समापन समारोह में अग्रणी जिला प्रबंधक शिव कुमार कंवर, आरसेटी निदेशक बैजनाथ कुमार, प्रशिक्षक पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. चंदन कुर्रे, आरसेटी संकाय सदस्य विक्टर कोशरिया, अमिश यादव तथा कार्यालय सदस्य अरुण कुमार उपस्थित रहे।

